कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर –02

पत्र सं0: 771 /शैक्षिक/इन्रोलमेन्ट/2025 दिनांकः अक्टूबर 10 , 2025

:: सूचना ::

विश्वविद्यालय के पत्र सं0: 717/शैक्षिक/इन्रोलमेन्ट/2025 दिनांकः सितम्बर 25, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें शैक्षिक सत्र 2025–26 में समस्त स्नातक, परास्नातक एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को दिनांक 26.09.2025 से 12.10.2025 तक इन्रोलमेन्ट सम्बन्धी कार्यवाही स्टूडेन्ट ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से पूर्ण किया जाना था। किन्तु अधिकतम छात्रों को उनके कॉलेज/संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा अंकतालिका/चरित्र/टी0सी0/माइग्रेशन प्रमाण–पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है, के दृष्टिगत **इन्रोलमेन्ट की अंतिम तिथी 12.10.2025 को विस्तारित करते हुये दिनांक 26.10.2025 तक की जाती है।** उक्त तिथि के उपरान्त रू0 200/– प्रतिदिन (अधिकतम रू0 1000/–) विलम्ब शुल्क देय होगा।

यहाँ यह भी सूचित करना है कि इन्रोलमेन्ट सम्बन्धी कार्यवाही में अपलोड किये जाने वाले समस्त अभिलेखों को व्यवस्थित/संरक्षित कर लें, जिससे की आगामी समय–सूची के अनुसार आपकी व्यक्तिगत पत्रावली पूर्ण करायी जा सके।

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. सम्बन्धित विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को संज्ञानार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसे विभागीय सूचनापट्ट पर छात्रों के सूचनार्थ प्रदर्शित कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसे छात्रावासों के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
5. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

V Dixit 10/10/2025

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप